Need to expedite construction of railway line on Saramthura-Gangapur via Karauli route under second phase of Dholpur-Saramthura Railway Line Project in Rajasthan-Laid

श्री भजन लाल जाटव **(**करौली**-**धौलपुर**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर में संचालित रेलवे परियोजना धौलपुर -सरमथुरा रेलवे परियोजना के द्वितीय चरण (सरमथुरा से गंगापुर बाया करौली) की घोषणा वर्ष 2022-23 में की गई थी, जिससे करौली-धौलपुर क्षेत्र के लाखों लोगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलने की आशा जगी थी। किंतु खेद की बात है कि इस परियोजना के द्वितीय चरण का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है । इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अभी तक पूर्ण नहीं की गई है और भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृति तथा वित्तीय स्वीकृति जैसे आवश्यक प्रक्रियाओं में भी अत्यधिक विलंब हो रहा है । मैं स्वयं इस परियोजना की प्रगति पर निकट निगरानी रख रहा हूँ। करौली पूरे राजस्थान में एक मात्र ऐसा जिला है जहाँ आज़ादी के इतने साल बाद भी अभी तक रेल सुविधा नहीं है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इस परियोजनाओं के लिए यथाशीघ्र डीपीआर तैयार कर, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाया जाए । जिससे क्षेत्र के लोगों को शीघ्र अति शीघ्र रेल सेवा का लाभ मिल सके।